**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 31.10.2026 समय : 0705

**<><><><><><><><>**

1. आज देशभर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती मनाई जा रही है।
2. जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के स्थापना दिवस पर, उपराज्यपाल ने द्वीपसमूह के निवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।
3. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से आज शहीद द्वीप में "प्रशासन आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
4. द्वीपसमूह ने विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत 99.84 प्रतिशत ई–केवाईसी पूरा कर, पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया।

**<><><><><><><><>**

आज देशभर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती मनाई जा रही है। देश की एकता और अखंडता में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री थे। उन्होंने 560 से अधिक रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर एक एकीकृत और सशक्त भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इस अवसर पर देशभर के सरकारी संस्थानों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें राष्ट्रीय एकता की शपथ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जागरूकता अभियान शामिल हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय एकता, शांति और भाईचारे का संदेश जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन भी किया जा रहा है।

**<><><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के एकता नगर में 400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। शाम को वे राष्ट्रीय

एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे। कल प्रधानमंत्री ने एकता नगर में भारत पर्व का उद्घाटन किया। यह उत्सव 15 नवंबर तक चलेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह में भी कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में शिक्षा विभाग और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से आज शाम 6 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर कार्बाइन्स कोव होते हुए वापस नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न होगी। प्रशासन ने नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। आज दोपहर दो बजकर 20 मिनट से पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों द्वारा डुगोंग गेस्ट हाउस से सरकारी प्रेस तक मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 'राष्ट्रीय एकता दिवस परेड' को देखते हुए आज दोपहर ढाई बजे से शाम 4 बजे तक धर्मशाला जंक्शन से गर्ल्स स्कूल होते हुए आर.के. मिशन जंक्शन तक के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी द्वारा आज रात सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का प्रसारण किया जाएगा। यह व्याख्यान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिया है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर इस व्याख्यान की रिकॉर्डिंग रात 9 बजकर 30 मिनट पर आकाशवाणी के सभी केंद्रों से प्रसारित की जाएगी। उनकी स्मृति में आकाशवाणी वर्ष 1955 से हर साल सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का आयोजन करता आ रहा है।

<><><><><><><>

जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के स्थापना दिवस पर, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपसमूह में निवास कर रहे लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक परंपराओं और समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध हैं। आज ही के दिन 2019 में केंद्रशासित प्रदेश के रूप में इनका

गठन किया गया। यह स्थापना दिवस हमें भारत की एकता, अखंडता और 'विविधता में एकता' के स्थायी मूल्यों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से आज "प्रशासन आपके द्वार" पहल का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत सहायक की अध्यक्षता में आयुक्त ग्राम पंचायत कार्यालय, नील केंद्र में सुबह 10 बजे से राजस्व शिविर न्यायालय का आयोजन होगा। क्षेत्र के लोगों और पंचायती राज संस्थान के सदस्यों से संबंधित समर्थन दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के तहत सक्रिय श्रमिकों के बीच 99.84 प्रतिशत ई–केवाईसी पूरा कर, देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पहला स्थान हासिल किया है। ई–केवाईसी पहल श्रमिक रिकॉर्ड के सत्यापन को सुनिश्चित करके और कार्यक्रम डेटा की विश्वसनीयता में सुधार, पारदर्शिता, जवाबदेही तथा डिजिटल प्रशासन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी में भी सहायता करती है।

<><><><><><><>

17वीं और 18वीं लोकसभा के दौरान सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए कल सांसद बिष्णु पद रे और अंडमान लोक निर्माण विभाग के आयुक्त–सह–सचिव की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त, नगरपालिका परिषद सचिव, एपीडब्लूडी के मुख्य अभियंता, परिवहन निदेशक तथा प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान स्वीकृत सभी कार्यों की प्रगति तथा लंबित कार्यों की स्थिति की समीक्षा कर कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक, सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल बिजीत दासगुप्ता ने अपने द्वीप समूह के दौरे के दौरान पुलिस मरीन फोर्स की प्रमुख सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जंगलीघाट जेट्टी का दौरा कर पुलिस मरीन फोर्स इकाई की विभिन्न समुद्री संपत्तियों का निरीक्षण किया और उनकी उपलब्धता तथा परिचालन स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यशाला, और मरीन पुलिस ऑपरेशनल सेंटर का भी निरीक्षण किया।

<><><><><><><>

मथुरा में एचटी लाईनों को बदलने और सीपीघाट से नया शहर जंक्शन तक एच टी और एल टी लाईनों के रखरखाव का कार्य किए जाने के कारण आज इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। फरारगंज, जिरकाटांग, टुशनाबाद और तिरूर के कुछ भागों में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा सीपीघाट से नया शहर में सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अंतर्गत पशु चिकित्सा औषधालय, मंगलूटान की ओर से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अफ्रीकन स्वाइन फीवर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए अफ्रीकन स्वाइन फीवर की प्रकृति और संक्रमण के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>